श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-१६

क्रमांक एफ 3/2020-21/आरएसवी/शै./

दिनांक 30.09.2020

कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि अपने शोध प्रबन्ध की सॉफ्ट कॉपी (Electronic-copy) मूल्यांकन के उपरान्त अनिवार्य रूप से शोध गंगा में शामिल करने के लिए नियमानुसार शोधप्रबन्ध की सॉफ्ट कॉपी उत्तम प्रकार की Re-weitable CD/DVDs (moserbaer/sony) में कवर सहित एक निश्चित प्रारूप के अनुसार, आवरण पृष्ठ, प्रमाण पत्र, घोषणा पत्र, प्रतिज्ञा पत्र एवं विषय सूची इत्यादि हस्ताक्षर युक्त होने पर अनिवार्य रूप से पी.डी.एफ. प्रारूप में पुस्तकालय विभाग में जमा करना होगा, जिससे उस शोध प्रबन्ध को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, 2016 अधिनियम के नियमानुसार शोध गंगा पोर्टल पर अपलोड किया जा सके ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एम.फिल./पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदण्ड और प्रक्रिया) विनियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसार शोध छात्रों को पूर्व पीएच.डी. प्रस्तुतीकरण शोध प्रबन्ध की सी.डी. प्रस्तुत करते समय निर्धारित प्रोफोर्मा के अनुसार आवेदन पत्र एवं शोध प्रबन्ध को जमा करवाना अनिवार्य होगा।

विद्वत्परिषद् द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार विश्वविद्यालय के शोध छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले शोध प्रबन्ध के मुख्य पृष्ठ (Cover Page) के लिए मैरून रंग विश्वविद्यालय के गोल्डन लोगो (Golden Logo) सहित निर्धारित किया गया है । सभी शोध छात्र निर्धारित प्रक्रिया का पूर्ण रूप से अनुपालन करें ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (एम.फिल./पीएच.डी. उपाधि प्रदान करने हेतु न्यूनतम मानदण्ड और प्रक्रिया) विनियम, 2016 एवं अकादमिक सत्यनिष्ठा एवं साहित्यिक चोरी रोकथाम विनियम-2018 (Plagiarism prohibition) के प्रावधानों के अनुसार अपना शोध प्रबन्ध कम्प्यूटर द्वारा टाईप करवाते समय केवल यूनिकोड फाउंट (Unicode fonts) का उपयोग अनिवार्य होगा तथा शोध प्रबन्ध जमा करवाते समय शोध प्रबन्ध से सम्बन्धित सी.डी. की चार प्रतियॉं निश्चित प्रारूप में वर्ड फाईल में (नॉन पी.डी.एफ.) वांछित विवरण सहित आवश्यक रूप से कार्यालय में जमा करवाना अनिवार्य होगा नियमानुसार पुस्तकालय विभाग द्वारा शोध प्रबन्ध/सी.डी. की समीक्षा करने के उपरान्त ही शोध प्रबन्ध मूल्यांकन हेतु परीक्षा विभाग को प्रेषित किया जायेगा अन्यथा शोध प्रबन्ध स्वीकार नहीं किया जायेगा ।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि:-

01. समस्त संकाय प्रमुख/समस्त विभागाध्यक्ष को सूचनार्थ:-
02. (विशिष्टाचार्य) एम.फिल./(विद्यावारिधि) पीएच.डी. छात्रों के सूचनार्थ
03. कुलपति जी के निजी सचिव
04. विभागाध्यक्ष-शोध विभाग
05. सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर-संगणक केन्द्र (को इस आशय से प्रेषित कि इस सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अंकित करने का कष्ट करें।)
06. सूचना पट्ट

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)